सार-समाचार

सीबीएमई कार्यशाला का समापन

चूरू (निसं)। पीडीयू मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय सीबीएमई कार्यशाला का समापन बुधवार को हुआ। कार्यशाला में नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा नियुक्त महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर के पर्यवेक्षक चिकित्सक डॉ. अर्चना पालीवाल उपस्थित थी। उन्होंने कार्यशाला का गहन मूल्यांकन किया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान मेडिकल कॉलेज चूरू के 30 चिकित्सकों ने चिकित्सा पद्धति के नवीन सिद्धांतों, आधुनिक पाठ्यक्रम के प्रयोग व संचालन के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा में विद्यार्थियों को नवीन प्रणालियों और आधुनिक तरीकों से अध्ययन करने की विधियों का अध्ययन किया। कार्यशाला का आयोजन करिकुलम आधारित सीबीएमई पाठ्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसमें नवीन शिक्षण पद्धितयों और व्यवहारिक प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया। कार्यशाला समन्वयक डॉ. रमाकांत वर्मा व उनकी टीम ने कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. महेश मोहनलाल पुकार ने सम्पूर्ण टीम के सहयोग से इस कार्यशाला को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में मार्गदर्शन प्रदान किया। यह कार्यशाला चिकित्सा शिक्षकों के व्यावसायिक विकास व भविष्य में विद्यार्थियों की गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

श्रमिक संवाद सम्मेलन आयोजित

चूरू (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आवास पर बुधवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा श्रमिक संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिकां से संवाद कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार में श्रमिकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू किया, जिससे प्रदेश के श्रमिक लाभान्वित हो रहे है। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुरलीधर सैनी ने कहा कि श्रमिकों के श्रम से ही देश का विकास होता है और केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार ने श्रम शक्ति का सदैव सम्मान किया है और इसका उचित सम्मान के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया है। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील गहलोत ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प-पत्र में जो वादे किये थे, उनको पूर्ण किया जा रहा है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने कहा कि श्रमिकों को मान सम्मान देना भाजपा का संकल्प है। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री राजीव लांबा ने किया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष मदनगोपाल बालाण, मुरलीधर सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सैनी, नगर संयोजक गजानंद गौड, निखिल प्रजापत, जुगल कम्मा, मिक्की राठौड़ सहित श्रमिक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

चूरू (निसं)। राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुर्वेद विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय में हो रहे अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ बुधवार को मुख्य अतिथि जिला परिषद् सीईओ श्वेता कोचर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक डॉ. राधेश्याम ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह, वैद्य रामावतार शर्मा, शिविर प्रभारी डॉ. मनीराम शर्मा, डॉ. ओम चॉयल, डॉ. रामकृष्ण शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश सारण थे। उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने बताया कि 11 से 20 फरवरी तक चलने वाले इस शिविर में क्षार सूत्र विधि से पाईल्स (अर्श), भगंदर सहित मलद्वार के रोगों की शल्य चिकित्सा द्वारा नि:शुल्क इलाज किया जायेगा और भोजन तथा आवास की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि इस 10 दिवसीय शिविर में अन्य रोगों का भी विशेषज्ञ चिकित्स्कों द्वारा इलाज किया जायेगा। इसमें पंचकर्म तथा अग्निकर्म चिकित्सा, स्त्री रोग तथा सामान्य चिकित्सा से भी लाभान्वित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने कहा कि आयुर्वेद अब समाज की आवश्यकता बन गया है। आयुर्वेद चिकित्सा का कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है और ये प्रभावी चिकित्सा पद्धित है। उन्होंने आमजन से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमल वशिष्ठ ने किया।

पेयजल संकट पर भड़का जनाक्रोश

रतनगढ़ (निसं)। शहर के वार्ड संख्या 21, 22 सहित कई क्षेत्रों में गहराती पेयजल समस्या को लेकर आज सनातन सेवा न्यास के नगर उपाध्यक्ष गोविंद खठोड़ के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता, जलदाय विभाग, रतनगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि संबंधित वार्डों में पिछले कुछ समय से जल आपूर्ति अनियमित बनी हुई है तथा पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे आमजन का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ रही है, जिससे क्षेत्र में रोष व्याप्त है।न्यास पदाधिकारियों ने विभाग से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में नियमित, समयबद्ध एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए। साथ ही जल वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित और सुचारु रूप से संचालित करने के लिए ठोस एवं स्थायी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। नगर उपाध्यक्ष गोविंद खठोड़ ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जनआंदोलन का मार्ग अपनाने पर भी विचार किया जाएगा।ज्ञापन सौंपने वालों में गोविंद खठोड़, गौरीशंकर प्रजापत, सामाजिक कार्यकर्ता सरिता पड़िहार, ओमप्रकाश राईका, इंदिरा देवी, रामप्यारी देवी, संदीप, आत्माराम एवं सहित अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

महा मंडलेश्वर संत श्री मेला दास महाराज की चरणपादुका स्थापित की

बीदासर (निसं)। कस्बे के सीकर नोखा रोड़ स्थित तपोधाम संत दादू दयाल आश्रम के महा मंडलेश्वर संत श्री मेला दास महाराज के ब्रह्मलीन होने के उपरांत 17 वीं पर बुधवार को बाबा के आश्रम पर दादू धाम नरेना के पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज व संत महंत महामंडलेश्वर व जमात के संतों के सानिध्य में बाबा के परम शिष्य तपस्वी दास ने चरण पादुका पंडित नरपत शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित करवाई। चरण पादुका स्थापित होने के बाद संत मेला दास के शिष्य तपस्वी दास को चादर दस्तूर की रस्म संतों के सानिध्य में हुई। चादर दस्तूर के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे व प्रदेश भर से आए साधू संतो, बाबा के अनुयायिओं व श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के पश्चात साधु संतों को विदाई समारोह हुआ। इससे पूर्व मंगलवार की रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय व बाहरी भंजन गायकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। दिनभर दादू दयाल आश्रम में ब्रह्मलीन हुए संत मेला दास को श्रद्धांजलि देने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर दादू पंथी साधु संतों के प्रवचन भी हुए।

एसीजेएम कोर्ट खुलने पर आतिशबाजी की

तारानगर (निसं)। राज्य सरकार के मुख्यमंत्री बजट घोषणा में तारानगर को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय मिलने पर न्यायालय परिसर में बार संघ अध्यक्ष प्रभदयाल सहारण के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पटाखे फोड़कर व मिठाई खिलाकर आतिशबाजी की। अध्यक्ष सहारण ने एसीजेएम कोर्ट देने पर मुख्यमंत्री भजन.लाल शर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ का आभार जताया। ज्ञात रहे कि सहारण अपने अधिवक्ताओं के साथ राठौड़ को इसके बारे में काफी बार मिलकर लिखित में व मौखिक रूप से अवगत करवा चुके है जिसका परिणाम आज इनको मिल चूका है। इस मौके पर अपर लोक अभियोजक पंकज स्वामी, महेन्द्र कुमार यादव, लक्ष्मी नारायण सहारण, पवन कुमार योगी, निर्मल कुमार, प्रजापत, गजराज सिँह राजवी, रतन चाचान, राजेंद्र सिँह न्यागली, अनिल स्वामी, जितेंद्र सिँह, साजिद खान, विकास सोनी, विकास सिहाग, देव करण प्रजापत सहित समस्त अधिवक्तागण मौजूद रहे।

भाजपा ओबीसी मोर्चा का श्रमिक संवाद हुआ

सीकर, (निसं)। केंद्रीय बजट के प्रचार-प्रसार हेतु भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा श्रमिक संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत ने आदि ने संबोधित किया। कहा कि केंद्रीय बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। इसे सर्वाधिक प्रचारित किया जाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक रतन जलधारी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री रामेश्वर गुर्जर, मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी, जयपुर शहर मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन कुमावत, श्रवण सोनी, मॉनिटरिंग टीम सदस्य विजेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

सीकर रेलवे स्टेशन पर आतंकी हमले की मॉकड्रिल

- प्रशासन की मुस्तैदी परखी गई

सीकर, (निसं)। शहर के रेलवे स्टेशन पर बुधवार को आतंकी हमले की आशंका को लेकर एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

परिदृश्य के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर में आतंकवादियों द्वारा बम विस्फोट किया गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि यह केवल आपदा प्रबंधन और सुरक्षा तैयारियों को परखने के उद्देश्य से किया गया अभ्यास था।

कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम के प्रभारी बनवारी लाल भूकर को मॉक ड्रिल की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, सिविल डिफेंस, अग्निशमन विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंची। सबसे पहले पुलिस द्वारा पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू की गई। बम निरोधक दस्ते ने घटनास्थल की जांच कर अन्य संभावित विस्फोटकों की तलाश की।

इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रदर्शन किया, वहीं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का कार्य संभाला। मेडिकल टीम ने मौके पर ही अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित कर प्राथमिक उपचार दिया तथा गंभीर घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया गया।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और संसाधनों की उपलब्धता का परीक्षण करना है। रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए समय-समय पर ऐसे अभ्यास आवश्यक हैं। इस दौरान प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की कि आपात स्थिति में अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना शर्मा, उपखण्ड अधिकारी निखिल कुमार, सीएमएचओ अशोक महरिया सहित जिला प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पूरी कार्यवाही का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के संयुक्त अभ्यास आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

स्पोर्ट्स मीट आयोजन का समापन

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, सहायक निदेशक अशोककुमार जांगिड़, वरिष्ठ व्याख्याता डाइट झुंझुनूं दामोदरप्रसाद जांगिड, पहलवान अमित चौधरी व विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों ने विजेताओं को पदक और ट्रॉफियां वितरित की। खेल उत्सव के अंतिम दिन खो-खो, वॉलीबॉल और थ्रो बॉल जैसी रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिमांशु कालेर, निखिल, सारा ने स्टार प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ट्रॉफी प्राप्त की व डेफोडिल हाउस विजेता तथा उप विजेता ब्ल्यू बेल सदन रहा। छात्रों के लिए इस साल के खेल दिवस का अनुभव बेहद शानदार रहा। एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने विद्यार्थियों को खेल भावना और शारीरिक फिटनेस का महत्व समझाया।

पीड़ित पक्ष को कुल 24 लाख रूपये का अवार्ड पारित

तारानगर (निसं)। तारानगर न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में कुल 24 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया। अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि मार्च 2017 को तारानगर क्षेत्र के गाँव धीरवास बड़ा निवासी राजेन्द्र कुमार गिवारिया अपनी मोटरसाईकल लेकर अपने रिश्तेदार भूपसिंह को कालवास छोड़कर वापिस अपने गांव आ रहा था जब डाबडी छोटी बस स्टेण्ड के पास पहुंचा तो भंवरलाल पारीक ने अपनी मैक्स गाडी से राजेन्द्र कुमार की मोटरसाईकल को टक्कर मार दी, जिससे राजेन्द्र कुमार की मृत्यु हो गई। मृतक के चाचा रामचंद्र ने थाने में हत्या का घटना का मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर मैक्स गाड़ी के चालक भवरलाल पारीक के खिलाफ न्यायालय में सड़क दुर्घटना मानकर चालान पेश किया। चालक भवरलाल का वाहन चलाने का ड्राईविंग लाइसेंस पत्रावली पर नहीं था। मृतक की ओर से मृतक की पत्नी संजू देवी, मृतक के बच्चे धर्मवीर सुमित व मृतक की माता गोमती ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो सन्जू देवी आदि बनाम टाटा एआईजी जन ई. क. लि. आदि पेश की, जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने पत्रावली का अवलोकन किया।

विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे तभी पूरा होगा लक्ष्य : कुलगुरु प्रो. राय

सीकर (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में बुधवार को महान राष्ट्रिचंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, राष्ट्रीय विचार गोष्ठी और कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समर्पण दिवस पर हुए कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय समेत अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया।

इस अवसर पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और आत्मनिर्भर युवा विषय पर राष्ट्रीय विचार गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि भयहारिणी काली मंदिर, कोलकाता के पीठाधीश्वर आचार्य देव श्री सौमिक रहा और सारस्वत अतिथि हरियाणा के राज्यपाल के सचिव शंखा चटर्जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने की।

मुख्य अतिथि सौमिक रहा ने कहा कि आज समाज में समर्पण का अभाव है, जबकि पंडित जी का अंत्योदय का स्वप्न समर्पण से पूरी तरह जुड़ा हुआ है। पंडितजी केवल एक व्यक्ति नहीं थे, उनका जीवन समर्पण का जीवन था। पंडित जी की अंत्योदय की संकल्पना समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करती है। आचार्य देव श्री सौमिक ने कहा कि परमात्मा से मिलन ही हम सबका लक्ष्य होना चाहिए, प्रभु का नाम जप करने से सब मिल जाता है।

सारस्वत अतिथि शंखा चटर्जी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन आज के युवाओं को नैतिकता, सेवा और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित करता है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना उनके विचारों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी सोच, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाने का आ ान किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने कहा कि युवा आज दिशा भ्रमित है इसलिए उन्हें राह दिखानी होगी। युवाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए, अगर नहीं बन रहे है तो चिंतन की जरूरत है। विवि केवल डिग्री देने के केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के आत्मनिर्भर बनने से ही विश्वविद्यालयों का लक्ष्य पूरा होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार-दर्शन आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गया है। उप कुलसचिव (अकादमिक) रामसिंह सरावग ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेन्द्र सिंह, सहायक कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. आरसी मीना, सहायक कुलसचिव (संपदा) कन्हैया लाल जांगिड़, उपनिदेशक आईटी पंकज मील, पीडीयूएस फाउंडेशन के समन्वयक डॉ. डीपी सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे। कुलसचिव श्वेता यादव ने आगंतुक अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में आईस्टार्ट, चूरू की उपनिदेशक विनोद कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार का एक प्रमुख स्टार्टअप इकोसिस्टम प्रोग्राम है, जो उद्यिमयों को विचार से लेकर क्रियान्वयन तक सहायता, मेंटरशिप, फंडिंग और इनक्यूबेशन की सुविधा प्रदान करता है। आईस्टार्ट के सीकर नोडल प्रभारी प्रो. जितेंद्र सोनी ने भी विचार व्यक्त किए। एक प्रजेंटेशन के माध्यम से आईस्टार्ट की जानकारी दी गई। संचालन मीडिया प्रभारी डॉ. महेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में सेल्फ हेल्फ ग्रुप की महिलाएं, शिक्षकगण, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने शिरकत की।

सार-समाचार

गौशाला का अवलोकन किया

झुंझुनूं, (निसं)। सूरत प्रवासी संजय बद्री प्रसाद जालान ने श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं का अवलोकन कर गौमाता को अपने हाथों से गुड़ खिलाकर गौसेवा की। इस अवसर पर गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री प्रदीप पाटोदिया, पूर्व मंत्री नेमी अग्रवाल एवं डॉ. डीएन तुलस्यान उपस्थित थे। जिन्होंने संजय बद्री प्रसाद जालान, उनके साथ आए अंजनी शिवकुमार जालान एवं विपिन नारायण प्रसाद जालान का गौशाला की ओर से दुपट्टा ओढ़ाकर गौमाता का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। संजय बद्री प्रसाद जालान जब भी झुंझुनूं प्रवास पर रहते हैं। गौशाला अवश्य आते हैं। उनका गौमाता के प्रति प्रेम अनुकरणीय है। उन्होंने गौशाला परिसर में चारों तरफ घूमकर फिरकर गौशाला व्यवस्थाएं देखकर मुक्त कंठ से गौशाला कार्यकारिणी की सराहना करते हुए कहा कि गौशाला में इतनी सुंदर व्यवस्था है कि वे जब भी समय समय पर उन्हें अवसर मिलता है। सूरत में भी झुंझुनूं गौशाला की प्रशंसा करते रहते हैं। श्री गोपाल गौशाला में हॉस्पिटल एरिया में बीमार गौवंश के लिए आधुनिक तरीके से उपचार के लिए गौ माता के लिए एक बाडे का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके लिए गौशाला प्रबंध समिति की ओर से संजय बद्री प्रसाद जालान को निवेदन किया गया। जिस पर उन्होंने सहर्ष स्वीकृति देते हुए कहा कि आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि आपने मुझे इस कार्य के लिए चुना। इस बीमार खाने का निर्माण आप हमारे परिवार की ओर से करवा देवें।

'सुरक्षित बैंकिंग के लिए केवाईसी जरूरी'

सीकर (निसं)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से 9 फरवरी से 13 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस साल की थीम 'केवाईसी-सुरक्षित बैंकिंग की ओर आपका पहला कदम' रखी गई है। इस सप्ताह के तहत बुधवार को आरसेटी द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। निदेशक अशोक कालेर के निर्देशन में संकाय सदस्यों द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बैंकिंग सेवाओं का बिना किसी बाधा के लाभ उठाने के लिए केवाईसी का अपडेट होना जरूरी है। संकाय सदस्यों द्वारा ग्रामीणों के बैंक खातों की केवाईसी प्रक्रिया टॉल फ्री नंबर के माध्यम से पूरी करवाई। इस दौरान ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। उन्हें बिना केवाईसी वाले खातों से जुड़े संभावित जोखिमों, बैंकिंग लोकपाल की भूमिका और साइबर स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया गया।

पीएचसी दाँतरू का निरीक्षण किया

सीकर, (निसं)। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षल चौधरी द्वारा बुधवार को पीएचसी दाँतरू का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरा, आईयूसीडी एवं एसडीआर सेवाओं की समीक्षा की गई। साथ ही टीकाकरण कार्यक्रम तथा आईएफए की पिंक एवं ब्लू टेबलेट की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। डॉ. चौधरी ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए पाई गई कमियों में आवश्यक सुधार करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने परिवार कल्याण के सभी साधनों का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रिकॉर्ड का नियमित मिलान सुनिश्चित करने तथा समुचित स्टॉक बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान सहायक लेखा अधिकारी बजरंग सिंह बगडिया, डॉ. सुभाष जेठू, नीरज गुप्ता, दीपा, गौतम एवं अशोक कुमार सैनी उपस्थित रहे।

जागरूकता शिविर आयोजित

सीकर (निसं)। भारत सरकार द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह 09 फरवरी से 13 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक द्वारा साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। शिविर में अग्रणी बैंक प्रबंधक नंदलाल ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी खाता धारकों का केवाईसी अपडेट करवाना जरूरी है। आरबीआई के इस अभियान का उद्देश्य ग्राहकों को (अपने ग्राहक को जाने) अपडेट करने, डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा, और धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना हैं।

भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

- फर्जी साइन करके पांच करोड़ रुपए का पेमेंट उठाया
- आरटीआई के तहत लोक सूचना आयुक्त से जानकारी मांगी

राजलदेसर (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मारू ने राजलदेसर नगर पालिका में 5 करोड़ से अधिक के भ्रष्टाचार को लेकर लोक सूचना आयुक्त आरटीआई के तहत जानकारी मांगी लेकिन नगर पालिका द्वारा जानकारी लगातार नहीं दी जा रही है जिसको लेकर ऊपर की कार्रवाई जारी है। वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मारू ने कहा कि नगर पालिका में पहली बार इतना भ्रष्टाचार देखा है की नगरपालिका की निवर्तमान अध्यक्ष गंगा देवी एवं अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा के फर्जी साइन करके करोडों रुपए के फर्जी बिल बनाकर उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि शिविरों के अंदर पीने के पानी को भी नहीं बक्शा उसमें भी लाखों रुपए पीने के पानी के नाम पर पी गए उसके अलावा उन्होंने कहा कुछ नगरपालिका में दलाल बैठे थे उनके मार्फत से लगातार कांग्रेस एवं भाजपा के नेताओं ने आपस में बंदर बांट करके जनता का पैसों का दुरुपयोग किया इसके अलावा अनेकों जगहों पर विकास कार्य हुए नहीं वहां पर भी पेमेंट उठा लिया गया जिसको लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर अवगत करवाया है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अंदर इस तरह के नगर पालिका के अंदर जो भ्रष्टाचार हुआ है इसकी निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए ताकि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को नुकसान नहीं उठाना पड़े इससे पहले भी भारतीय जनता पार्टी को नुकसान उठाना पड रहा है। मारू ने कहा भ्रष्टाचार को लेकर जयपुर में मंगलवार को अधिकारियों से मुलाकात की अधिकारियों ने कहा अति शीघ्र ही नगर पालिका को नोटिस जारी किया जाएगा। मारू ने कहा हालत ये है कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर बच्चा-बच्चा जांच करने के लिए तरस रहा है एवं राजनेताओं का आशीर्वाद से छोटे राजनेताओं की दुकान चल रही है।

गोचर भूमि की सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण से बढ़ा आक्रोश

- प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़-सालासर मुख्य सड़क मार्ग पर खसरा नंबर 22 में दर्ज गोचर भूमि पर सार्वजनिक सड़क एवं कटानी रास्तों को लेकर उठे विवाद ने अब राजनीतिक स्वर ले लिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

तहसीलदार रतनगढ़ को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कि संबंधित भूमि राजस्व रिकॉर्ड में गोचर के रूप में दर्ज है, जहां से वर्षों से आमजन का आवागमन होता रहा है। आरोप है कि वर्तमान में सड़क एवं कटानी रास्तों के आसपास निर्माण कार्य किए जाने से मार्ग संकरा हो गया है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।पूर्व सरपंच सज्जन कुमार बाटड़ ने कहा कि इस विषय में पूर्व में भी उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी हुए थे, लेकिन अब तक अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार की बाधा जनहित के विपरीत है और प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। तहसीलदार पूजा पारीक को सौंपे गए ज्ञापन के दौरान किसान नेता गंगाधर थालोड, पूर्व कांग्रेस शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद चाकलान, ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह बिस्सु, कांग्रेस वरिष्ठ नेता चरण सिंह कोका, पप्पू कड़वासरा, गोविंदराम ढाका सहित सैकड़ों अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एकमत होकर सार्वजनिक मार्ग को सुरक्षित और सुचारू रखने की आवश्यकता पर बल दिया।ग्रामीणों का कहना है कि नव निर्मित सड़क पर बने मोड़ के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। ऐसे में प्रशासन को समय रहते स्थिति स्पष्ट कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

मामले ने स्थानीय राजनीतिक हलकों में भी चर्चा को जन्म दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कितनी शीघ्रता और गंभीरता से निर्णय लेता है। फिलहाल, क्षेत्रवासियों की निगाहें आगामी प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

समय के साथ
जिम्मेदारियां बढ़ती जाती हैं...
इसलिए आपकी सुरक्षा भी बढ़नी चाहिए।
एक पूर्ण सुरक्षा योजना जो आपके जीवन के विभिन्न पड़ावों के साथ बढ़ती जाती है।
पेश है
एलआईसी का
बीमा कवच
यूआईएन: 512N360V01 | प्लान नं.: 887
नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, विशुद्ध जोखिम प्लान
प्लान ऑनलाइन भी उपलब्ध है
समान या बढ़ती बीमा राशि विकल्प
लचीले प्रीमियम भुगतान विकल्प - एकल, नियमित या सीमित (5, 10 या 15 वर्ष)
आजीवन जोखिम संरक्षण (100 वर्ष तक)
जीवन के परिभाषित पड़ावों (लाईफ स्टेज इवेंट्स) पर बीमा सुरक्षा बढ़ाने का विकल्प*
*केवल एक मानक जीवन, जिसकी आयु 40 वर्ष (पिछला जन्मदिन) से कम या उसके बराबर है, के लिए नियमित प्रीमियम भुगतान वाले समान बीमा राशि विकल्प के अंतर्गत ही उपलब्ध.
LIC मोबाइल ऐप डाउनलोड करें
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवे